क्रिकेट

फाइनल में आरपीएफ को हराकर बनी चैंपियन, अखिल मेहता बने मैन ऑफ द मैच

# कोऑर्डिनेशन कप 2026 की ट्रॉफी पर रेलवे का कब्जा



**नवभारत, जबलपुर।** केंद्रीय कार्यकारिणी समिति के तत्वावधान में शनिवार को रेलवे स्टेडियम, जबलपुर में आयोजित कोऑर्डिनेशन कप 2026 का रोमांचक समापन हुआ। फाइनल मुकाबले में रेलवे ने आरपीएफ को हराकर खिताब अपने नाम किया।

पहले सेमीफाइनल में आरपीएफ ने पोस्ट ऑफिस को हराकर फाइनल में प्रवेश किया। पोस्ट ऑफिस ने 10 ओवर में 72 रन बनाए, जिसमें श्री पांडे ने शानदार बल्लेबाजी की। जवाब में आरपीएफ ने लक्ष्य आसानी से हासिल कर लिया। दूसरे सेमीफाइनल में रेलवे ने सीपीडब्ल्यूडी को 7 विकेट से हराया। सीपीडब्ल्यूडी की ओर से एग्जीक्यूटिव इंजीनियर सत्यदीप शर्मा ने 41 रन बनाए, लेकिन रेलवे ने 91 रन का लक्ष्य पार कर फाइनल में जगह बनाई।

### 161 रन का विशाल स्कोर किया खड़ा

फाइनल मैच में आरपीएफ ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण चुना। रेलवे ने निर्धारित ओवरों में 161 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया, जिसमें अखिल मेहता ने 74 रनों की शानदार पारी खेली। लक्ष्य का पीछा करते हुए आरपीएफ टीम असफल रही और रेलवे विजेता घोषित हुई। अखिल मेहता को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया।

### ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम में अखिलेश कुमार, पीसीपीओ एस.डी. पाटीदार, पीएफ कमिश्नर राकेश सहरावत, ट्रेजरार अविनाश दुर्गे, डिफेंस ईस्टेट ऑफिसर नेहा गुप्ता, डायरेक्टर एयरपोर्ट आर.आर. पांडे, एडिशनल डायरेक्टर सीजीएचएस डॉ. सुधांशु, केवीएस से डिप्टी कमिश्नर दिग्गराज मीणा, सीनियर डीपीओ वरुण चतुर्वेदी, प्रिंसिपल केंद्रीय विद्यालय टीएफआरआई प्रवीण नायडू, प्रिंसिपल केंद्रीय विद्यालय सीएमएम अनुपम शुक्ला, नोडल अधिकारी स्टेनी जेवियर, रूप सिंह मरावी, विजय ठाकुर, जीएसटी से चिन्मय द्विवेदी एवं प्रशांत द्विवेदी सहित अनेक गणमान्यजन उपस्थित रहे।

### विजेता एवं उपविजेता टीमों को मिली ट्रॉफी

पुरस्कार वितरण समारोह में डीआरएम कमल कुमार तलरेजा एवं प्रिंसिपल कमिश्नर इनकम टैक्स सविता बुंदास ने विजेता एवं उपविजेता टीमों को ट्रॉफी प्रदान की। समापन समारोह में मुख्य अतिथि सविता बुंदास तथा विशिष्ट अतिथि कमल कुमार तलरेजा रहे। कार्यक्रम का संचालन पूर्व निदेशक दूरदर्शन एवं कोऑर्डिनेट अविनाश दुर्गे ने किया, जबकि आभार प्रदर्शन नोडल ऑफिसर स्टेनी जेवियर द्वारा किया गया।



## टीम सनराइज एवं टीम रेन्बो ने जीता क्वाटर फाइनल

**नवभारत, जबलपुर।** जिला अधिवक्ता संघ जबलपुर के तत्वाधान में उच्च न्यायालय अधिवक्ता संघ जबलपुर एवं हाई कोर्ट एडवोकेट्स बार एसोसिएशन जबलपुर के सहयोग से 16-वां एडवोकेट्स प्रीमियम लीग टी-20 क्रिकेट टूर्नामेन्ट का क्वाटर फाइनल मैच रानीताल खेल परिसर मे टीम सनराइज एवं टीम रेड के बीच आयोजित किया गया टॉस जीत कर टीम रेड पहले बल्ले बाजी करते हुये निर्धारित 20 ओवर, 6 विकेट के नुकसान पर 153 रन बनाए, जबाव में टीम सनराइज ने लक्ष्य का पीछा करते हुये 19.1 ओवर में 4 विकेट के नुकसान पर 157 रन बनाते हुए इस प्रकार से 6 विकेट टीम सनराइज ने मैच जीत कर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। इसी क्रम में दूसरा मैच टीम ग्रीन और टीम रेन्बो के बीच आयोजित किया गया जिसमे टीम ग्रीन ने पहले बल्ले बाजी करते हुये निर्धारित 20 आवेर में 4 विकेट के नुकसान पर 161 रन बनाए, जबाव में टीम रेन्बो ने लक्ष्य की पीछा करते हुए 16 ओवर में 1 विकेट के नुकसान पर 166 रन बनाए इस प्रकार टीम रेन्बो ने 9 विकेट से मैच जीत कर सेमी फाइनल में प्रवेश किया।

### इनका रहा सहयोग

इस अवसर पर जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष मनीष मिश्रा, ज्ञान प्रकाश त्रिपाठी, मनोज तिवारी, ज्योति राय, मनोज शिवहरे, विनोद विश्वकर्मा, शैलेन्द्र यादव, रवीन्द्र दत्त, सुदीप सिंह सैनी, प्रशांत नायक आदि उपस्थित थे।



## रेल प्रशासन की सहायता से यात्री मिले

**नवभारत,जबलपुर।** गत 14 फरवरी को उषा त्रिपाठी अपने पुत्र राहुल के साथ जबलपुर स्टेशन प्लेटफॉर्म संख्या 6 पर जबलपुर-कटनी यात्रा हेतु पहुँची थीं। टिकट कराने के लिए पुत्र राहुल के जाने के दौरान उषा त्रिपाठी गलती से गाड़ी संख्या 11265 में सवार हो गईं। इस बीच राहुल द्वारा उन्हें खोजा गया, परंतु वे नहीं मिलीं। तत्काल स्टेशन प्रबंधक (वाणिज्य) जबलपुर से संपर्क कर 15-20 मिनट तक स्टेशन परिसर में उद्घोषणा (एनाउंसमेंट) कराई गई, किंतु यात्री का पता नहीं चला। प्राप्त जानकारी के आधार पर उप स्टेशन प्रबंधक (वाणिज्य) जबलपुर द्वारा समयानुसार जबलपुर से कटनी साउथ की ओर जाने वाली गाड़ियों की सूची के अनुसार समन्वय स्थापित किया गया। इसके उपरांत कटनी साउथ स्टेशन के स्टेशन मास्टर कार्यालय से संपर्क कर गाड़ी संख्या 11265 जबलपुर-अंबिकापुर इंटरसिटी एक्सप्रेस के आगमन पर विशेष उद्घोषणा कराई गई। उद्घोषणा के माध्यम से उषा त्रिपाठी को सुरक्षित रूप से बुलाया गया तथा उनके परिजनों से संपर्क कर उन्हें मिलवाया गया। इस मानवीय एवं त्वरित सहायता के लिए यात्री एवं उनके परिजनों द्वारा रेल प्रशासन की भूरि-भूरि प्रशंसा की गई।

## डब्ल्यूएसईसी स्कूल में पेरेंट्स डे का आयोजन



**नवभारत,जबलपुर।** पश्चिम मध्य रेल महिला कल्याण संगठन जबलपुर मण्डल द्वारा संचालित डब्ल्यू. एस. ई. सी. हाई स्कूल में ग्रैंड पेरेंट्स डे का भव्य आयोजन किया गया। समारोह की मुख्य अतिथि महिला कल्याण संगठन पश्चिम मध्य रेल मंडल की अध्यक्षा पूनम खत्री तलरेजा जी रही, साथ ही महिला कल्याण संगठन की सचिव निकिता सिन्हा, स्कूल प्रभारी मरियम खान, दर्शिता श्रीवास्तव, कोषाध्यक्ष चन्द्रिका गुप्ता , सी.एम.ई. पश्चिम मध्य रेल जबलपुर एस.एस.पराशर, समिति के अन्य सदस्य व स्कूल की प्राचार्या श्रीमती आशा अवस्थी भी उपस्थिति रही।

समारोह की शुरुआत दीप प्रज्वलित कर माँ सरस्वती वंदना के साथ की गई। अतिथियों का स्वागत पुष्प गुच्छ देकर किया गया। ग्रैंड पेरेंट्स का स्वागत कार्ड देकर किया गया। कार्यक्रम में प्राचार्या आशा अवस्थी मैडम के द्वारा स्वागत भाषण दिया गया व इस दिन को मनाने का महत्व बताया गया। कार्यक्रम में ग्रैंड पेरेंट्स के स्वागत में सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दादा-दादी के सम्मान में छोटे-छोटे बच्चों के द्वारा प्रस्तुत की गई। बच्चों के द्वारा लघु नाटिका का मंचन ग्रैंड पेरेंट्स के महत्व को बताते हुए प्रस्तुत किया गया। बच्चों के द्वारा कविता व गायन के माध्यम से उनके जीवन में दादा दादी के महत्व को बताया गया । बच्चों के द्वारा साक्षात्कार का आयोजन किया गया जिसमें बच्चों ने बहुत ही रोचक प्रश्न पूछ कर सभी को भाव विभोर कर दिया।

## शिवरात्रि पर बना त्रिगुणी संयोग, जीतेगा भारत



**जबलपुर, नवभारत।** वर्ल्ड कप टी-20 में शिवरात्रि के दिन भारत-पाकिस्तान का मैच पड़ रहा है। इस मैच में भारत के जीत का प्रबल संयोग बन रहा है। उसकी वजह तीन सौ साल बाद पड़ रहे त्रिगुणी संयोग माना जा रहा है।

ज्योतिष विज्ञान के मुताबिक श्रवण नक्षत्र का संयोग भी रहेगा, जिसे शिव भक्ति के लिए शुभ माना जाता है। इसके अलावा इस दिन व्यतिपात योग, वरियान योग, ध्रुव योग और राजयोग जैसे कई शुभ योग इस पर्व को और खास बना रहे हैं। ज्योतिषाचार्य पंडित कामता प्रसाद तिवारी ने बताया कि फाल्गुन मास में महाशिवरात्रि भगवान को पूरी तरह समर्पित राहती है। चार पहरों में होने वाला अनुष्ठान सुख-शांति और वैभव लाता है। भगवान शंकर की पूजा होने से विश्व शांति आती है।

### संयोग है मैच

ज्योतिषाचार्य का कहना है कि टी-20 में होने वाला क्रिकेट मैच एक संयोग है, जो हरसंभव जीत दिलाएगा ही। तीन संयोग एक साथ बनने से भारतीय लोगों को संबलता मिलेगी। वो भी यह संयोग जो, तीन सौ साल के बाद पड़ रहा है।

## परंपरागत शैली से हटकर अधिकारी दिखाएं स्मार्टनेस : निगमायुक्त



### समीक्षा बैठक में शहर विकास पर मंथन

**नवभारत,जबलपुर।** नगर निगम के कार्यों में गति लाने और जनसेवा को अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से शनिवार को निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार ने एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक की। बैठक में उन्होंने स्पष्ट संदेश दिया कि शहर के विकास और बुनियादी ढांचे में सुधार के लिए अधिकारियों को अब परंपरागत शैली से हटकर 'स्मार्टनेस' दिखानी होगी।

इस दौरान निगमायुक्त ने निर्देश दिए कि सीएम इन्फ्रास्ट्रक्चर के अंतर्गत चल रहे निर्माण कार्यों में तेजी लाई जाए ताकि , नागरिकों को जल्द से जल्द आधुनिक सुविधाओं का लाभ मिल सके। साथ ही उन्होंने जोर देकर कहा कि सीएम हैल्पलाइन केवल शिकायतों के निराकरण का माध्यम नहीं है, बल्कि यह जनता की सेवा करने और विभाग की कार्यक्षमता साबित करने का एक उत्तम प्लेटफॉर्म है। बैठक में निगमायुक्त ने कहा कि रेहड़ी-पटरी वालों और छोटे व्यापारियों को आर्थिक संबल देने वाली इस योजना को भी प्राथमिकता से करें ताकि लक्ष्य की प्राप्ति हो सके। बैठक के अंत में निगमायुक्त ने कहा कि सभी विभागों के बीच बेहतर समन्वय और साझा लक्ष्यों को ध्यान में रखकर करें। इस मौके पर अपर आयुक्त अरविंद शाह, अधीक्षण यंत्री कमलेश श्रीवास्तव, अंजू सिंह, उपायुक्त अंकिता जैन, संभव अयाची, सहायक आयुक्त अंकिता बर्मन और आनंद मिश्रा कार्यपालन यंत्री नवीन लोनारे, जी एस मरावी,शैलेन्द्र कौरव, जागेंद्र सिंह, सुनील दुबे सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

## डॉ . सुमाली स्वप्न बोस को पीएचडी

**नवभारत, जबलपुर।** मुंबई



विश्वविद्यालय के अंग्रेज़ी विभाग के अंतर्गत सुमाली स्वप्न बोस, अध्यक्ष, अंग्रेज़ी विभाग, ने अपने शोध प्रबंध 'मृगतृष्णा पर विजय: चुनिंदा रेगिस्तानी उपन्यासों में जीवित रहने की रणनीतियों का अध्ययन' का सफलतापूर्वक प्रतिरक्षण (डिफेंस) किया है। इस उपलब्धि के साथ उन्हें डॉक्टरेट (पीएचडी.) की उपाधि से सम्मानित किया गया है। आप स्व. शोभा चौधुरी एवं संतोष कुमार चौधुरी की सुपुत्री तथा स्वप्न बल की धर्मपत्नी हैं। इस उपलब्धि पर सभी ने हर्ष व्यक्त कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## मछली पालन कर आर्थिक स्थिति को बनाएं बेहतर

### मछुआ कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष ने किया मछुआरों से संवाद



**नवभारत,जबलपुर।** मध्यप्रदेश मछुआरा कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष सीताराम बाथम ने शनिवार को जबलपुर प्रवास के दौरान मछुआरों से संवाद किया तथा उन्हें शासन की योजनाओं का लाभ लेकर आधुनिक तरीकों से मत्स्य पालन करने का आग्रह किया। केबिनेट मंत्री का दर्जा प्राप्त बाथम ने विभागीय गतिविधियों की जानकारी भी जबलपुर प्रवास के दौरान ली। मछुआरा कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष बाथम के स्वागत में गंगासागर मत्स्योद्योग सहकारी समिति गंगासागर और मत्स्योद्योग सहकारी समिति फूटताल द्वारा कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुये उन्होंने मछुआरों से कहा कि शासन की योजनाओं की सहायता से आधुनिक तरीकों से मछली पालन कर वे अपनी आर्थिक स्थिति एवं जीवन स्तर को बेहतर बना सकते हैं। उन्होंने मछुआरा समुदाय से बच्चों की पढ़ाई-लिखाई पर विशेष ध्यान देने का अनुरोध भी किया।

### ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम में मछली पालन विभाग के प्रभारी सहायक संचालक मत्स्योद्योग राजा राजतिलक धुर्वे, मत्स्य निरीक्षक गोविंदा सिंह, प्रीतम सिंगरहा मत्स्योद्योग सहकारी समिति सुपाताल के अध्यक्ष प्रीतम सिंगरहा, मत्स्योद्योग सहकारी समिति फूटाताल के अध्यक्ष ओमहरि कश्यप, राज कुमार सिंगरहा, मोहनलाल सिंगरहा, हज्जीलाल सिंगरहा, अनिल सिंगरहा, चेतराम सिंगरहा, खिल्लु बाबा सिंगरहा, रवि बर्मन, अजय रैकवार, शरद कश्यप, शरद कश्यप आदि मछुआरे समुदाय के सदस्य उपस्थित रहे।

## फरार आठ आरोपियों पर ईनाम घोषित

**जबलपुर।** लंबे समय से फरार चल रहे आठ आरोपियों की गिरफ्तारी पर पुलिस अधीक्षक संपत उपाध्याय ने ईनाम घोषित कर दिया है। जानकारी के मुताबिक कटंगी में दर्ज दहेज एक्ट के प्रकरण में फरार कुंती बाई ठाकुर पति स्व. छप्पन सिंह 62 वर्ष, चैन सिंह ठाकुर पिता स्व. छप्पन सिंह 47 वर्ष, सल्लो बाई ठाकुर पति उदय सिंह 42 वर्ष, उदय सिंह पिता मूरत सिंह ठाकुर 47 वर्ष, उषा लोधी पति चैन सिंह लोधी 31 वर्ष सभी निवासी चरगवॉ पर पांच-पांच हजार, विजय नगर थाने में दर्ज विभिन्न धाराओं के तहत दर्ज अपराध में सचिन पटेल पिता रोकड पटेल निवासी विजय नगर, भानू पटेल पिता मोहन पटेल निवासी बेनीखेडा थाना पाटन पर पांच-पांच हजार, हनुमानताल थाने में दर्ज दुष्कर्म के प्रकरण में क्रीबिया अंसारी पिता छिद्दी समोसा 45 वर्ष निवासी पचकुईया जोगी मोहल्ला पहाडिया 16 क्वाटर हनुमानताल पर चार हजार रूपए का ईनाम घोषित किया गया है।

कार्यशाला

सांस्कृतिक एवं पारंपरिक न्यायवाद का सशक्त माध्यम ही मध्यस्थता है : मुख्य न्यायाधीश श्री सचदेवा

# मध्यस्थता का मूल तत्व ही संवाद है : जस्टिस जेके माहेश्वरी




**नवभारत, जबलपुर ।** शीघ्र एवं प्रभावी न्याय का मार्ग प्रशस्त करने हेतु अखिल भारतीय अधिवक्ता परिषद द्वारा एक कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीपति जस्टिस जेके माहेश्वरी एवं विशिष्ट अतिथि मध्य प्रदेश के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस संजीव सचदेवा ने कार्यशाला को संबोधित कर मार्गदर्शन प्रदान किया। कार्यशाला को संबोधित करते हुए उच्चतम न्यायालय के न्यायाधिपति जस्टिस जेके महेश्वरी ने कहा कि भारतीय न्याय व्यवस्था में मध्यस्थता का प्रमुख स्थान रहा है विवादों के त्वरित निराकरण का माध्यम मध्यस्थता से ही संभव है और मध्यस्थता का मूल तत्व ही संवाद है, संवाद को प्राथमिकता देकर मध्यस्थता के द्वारा प्रकरण का त्वरित निराकरण संभव है ।

### मध्यस्थता एक स्वैच्छिक प्रक्रिया है

जस्टिस जेके माहेश्वरी ने कहा कि मध्यस्थता विवादों को सुलझाने की एक स्वैच्छिक प्रक्रिया है, जिसमें एक निष्पक्ष तीसरा पक्ष (मध्यस्थ) दोनों पक्षों के बीच बातचीत के जरिए समझौता कराता है।

### तेजी से हो रहा निपटारा

कार्यशाला को संबोधित करते हुए मध्य प्रदेश के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस संजीव कुमार सचदेवा ने कहा कि भारतीय संस्कृति में मध्यस्थता एवं सुलह ही न्याय प्रदान करने का परंपरागत माध्यम रहा है देश में पुरातन काल से दो पक्षों के मध्य विवादों का निपटारा मध्यस्थता के माध्यम से ही किया जाता रहा है। कार्यशाला को न्यायाधिपति विवेक रूसिया, आनंद पाठक, एवं छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के वरिष्ठ न्यायाधिपति संजय एस अग्रवाल, भारत सरकार के अतिरिक्त महान्यायवादी सुनील जैन, अधिवक्ता परिषद के महासचिव विक्रम दुबे ने भी संबोधित किया। कार्यशाला में प्रदीप सिंह सैंगर क्षेत्रीय संयोजक अखिल भारतीय अधिवक्ता परिषद, प्रांत महिला प्रमुख नीलम दत्त, मंचासीन थे।

### इनका रहा सहयोग

इस अवसर पर तेज़ कुमार मोड़ हरीश अग्निहोत्री, लाल ज्ञानेंद्र सिंह बघेल, सुयश मोहन गुरु, एस पी सिंह, देवेन्द्र सिंह बघेल, सुनील गुप्ता, संदीप शुक्ला, जितेन्द्र बेन, नितिन कुशवाहा, प्रियंका मिश्रा, प्रीति सिंह, संजय पटेल, सुधाकर मनी पटेल, अरुण मिश्रा, गजेंद्र सिंह ठाकुर, संजय मालवीय एवं आदि का सहयोग रहा।

### इनका कहना है



एक अधिवक्ता के रूप में इस कार्यशाला से बहुत कुछ सीखने को मिला। यहां मिले ज्ञान को आगे उपयोग में लाएंगे।

**एड. विपुल जैन, सह मीडिया प्रभारी, अधिवक्ता परिषद**



कोर्ट में चल रहे मामले कैसे मध्यस्थता के रास्ते से निपटाए जा सकते हैं, यह मुझे कार्यशाला में सीखने को मिली।

**एड. शिखा द्विवेदी**



कार्यशाला के रास्ते से हमें हमारे जजों से मिलने वाला ज्ञान हमेशा ही काम आएगा। समय-समय पर होने वाली कार्यशाला हमेशा ही हेल्पिंग टूल के रूप में काम आती है।

**एड. सपना तिवारी, कार्यकारी सदस्य, उच्च न्यायालय अधिवक्ता संघ**



## आदिवासी समाज से जुड़े गंभीर मुद्दों पर विस्तार से हुई चर्चा

### आदिवासी संस्कृति बचाओ यात्रा के छठवें दिन हुई बैठक

**नवभारत,जबलपुर।** आदिवासी संस्कृति बचाओ यात्रा का छठवां दिन शनिवार को पूर्व मंत्री कौशल्या गोटिया के गृह निवास पर बैठक के रूप में संपन्न हुआ। बैठक में यात्रा के आगामी चरण की रणनीति तैयार की गई तथा आदिवासी समाज से जुड़े गंभीर मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में वक्ताओं ने कहा कि आदिवासी समाज वर्तमान में अत्यंत कठिन दौर से गुजर रहा है। बेरोजगारी, कर्ज का बढ़ता बोझ और स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं विकराल रूप धारण कर चुकी हैं। समाज में मृत्यु दर में तेजी से वृद्धि भी चिंता का विषय बताया गया। यात्रा के प्रथम चरण की अगली कड़ी 15 फरवरी 2026 को प्रात: 11 बजे से कौशल्या गोटिया के निवास से प्रारंभ होगी। यह यात्रा अधारताल स्थित बिरसा मुंडा तिराहा होते हुए सुहागी और रिछाई पहुंचेगी, जहां बैठक के रूप में इसका समापन किया जाएगा। बैठक में भैयालाल गोटिया, रोशनलाल कोल, मगन सिंह, ख्याली सिंह, लालू कोल, राजकुमार कोल एवं वाल्मीकि कोल सहित अन्य समाजजन उपस्थित रहे। वहीं शिवकुमार गोटिया, भैयालाल, रोशनलाल, मगन सिंह, ख्याली सिंह, अशोक गोटिया, बलबीर गोटिया, गणेश कोल, लक्ष्मी नारायण कोल, नरेश गोटिया, बाबा गोटिया, शेख लाल गोटिया सहित अन्य कार्यकर्ताओं ने समाजजनों से अधिक से अधिक संख्या में यात्रा में शामिल होने की अपील की है।